**संख्या-45/2015/पी-949 /अइतीस-9-2015-10(पीएमजीएसवाई)/2003**

**प्रेषक,**

**ओम प्रकाश तिवारी**
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन

**सेवा में,**

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी,**
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

**ग्राम्य विकास अनुभाग-9** **लखनऊ : दिनांक- 10 दिसम्बर, 2015**

**विषय-**उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में पदों के सृजन के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-834/ए-157टी0सी0/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2014, दिनांक-02.07.2014 व पत्र संख्या-1162/ए-157टी0सी0/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2015, दिनांक-14.08.2015 के संदर्भ में शासनादेश संख्या-1436/38-04-04-10(पीएमजीएसवाई)/03, दिनांक-10.07.2004 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन हेतु गठित उ0प्र0 ग्रामीण सडक विकास अभिकरण के संचालन हेतु संदर्भित शासनादेश दिनांक-10.07.2004 द्वारा सृजित वैयक्तिक सहायक (ग्रेड-2) के 05 अस्थायी पदों में से 02 अस्थायी पदों को समाप्त करते हुये वरिष्ठ सहायक के 02 अस्थायी पद वेतनमान रू0 5200-20200 (ग्रेड वेतन-2800) में दिनांक-29.02.2016 तक यदि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय की अवधि हेतु इस शर्त के साथ सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है कि उक्त सृजित अस्थायी पदों पर शासकीय विभागों अथवा अर्द्धशासकीय संस्थाओं से उपयुक्त कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनात कर उनकी सेवायें प्राप्त की जायेंगी।

**2-** इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-2016 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक-2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-04-प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना-0401-उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण की स्थापना-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) के नामें डाला जायेगा।

**3-** यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-2-1131/दस-2015, दिनांक-09 दिसम्बर, 2015 द्वारा दी गयी सहमति के आधार पर जारी किये जा रहे हैं।

**भवदीय**,

**ओम प्रकाश तिवारी**
अनु सचिव।

**-2/**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**संख्या- 45/2015/पी-949 (1)/अड़तीस-9-2015, तद दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

**1-** महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

**2-** प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग/नियुक्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।

**3-** आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।

**4-** वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 ग्रामीण सडक विकास अभिकरण, लखनऊ।

**5-** मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

**6-** वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-2/वित्त (लेखा)/अनुभाग-2

**7-** वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2

**8-** ग्राम्य विकास अनुभाग-3

**9**- गार्डबुक।

**आज्ञा से,**

**ओम प्रकाश तिवारी**
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।